देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 26 अगस्त 2019। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, बैंगलोर के सहयोग से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा महाविद्यालयीन प्राचार्यों एवं वरिष्ठ शिक्षकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नैक की मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 150 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रदान करते हुए प्रतिभागी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि वर्ष 2022 तक उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों को नैक द्वारा मूल्यांकन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अतः शासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय इस प्रक्रिया में शामिल हों और अच्छा ग्रेड प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन ने कहा कि ''विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार द्वारा ''स्वयम'' पोर्टल एवं मुक्त दूरस्थ शिक्षा द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।'' इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. निदेशक डॉ. अशोक शर्मा एवं डॉ. पी.एन. मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में महाराष्ट्र से आये विशेषज्ञ डॉ. पी.ए.एस. नायडू ने Revised Assessment and Accreditation Process-Quest for Quality in Higher Education Institutions विषय पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में आनंद गुजरात से आये विशेषज्ञ डॉ. आर.डी. मोदी ने Awareness of Quantitative Metrics विषय के अंतर्गत व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में आईईटी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रतोष बंसल एवं ईएमआरसी के निदेशक डॉ. ए.के. सिंह ने Best Practices in Higher Education as per NAAC Guidelines विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अन्त में एच.आर.डी.सी. की निदेशक, डॉ. नम्रता शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी